भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर (2026-2027)

कक्षा - 9	विषय – हिंदी (पाठ्यक्रम-ब) पाठ्यपुस्तक – गंगा	Date – 03-05-2026
प्रश्न बैंक 2	पाठ: दो बैलों की कथा लेखक – मुंशी प्रेमचंद	Note: Pl. file in portfolio

नाम :__________________________अनुभाग :_____अनुक्रमांक :_____दिनांक: __________

प्रश्न 1. काँजीहाउस में कैद पशुओं की हाज़िरी क्यों ली जाती होगी?

उत्तर - काँजीहाउस एक प्रकार से पशुओं की जेल थी। उसमें ऐसे आवारा पशु कैद होते थे जो दूसरों के खेतों में घुसकर फसलें नष्ट करते थे। अत: काँजीहाउस के मालिक का यह दायित्व होता था कि वह उन्हें जेल में सुरक्षित रखे तथा भागने न दे। इस कारण हर रोज़ उनकी हाज़िरी लेनी पड़ती होगी।

प्रश्न 2. छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया?

उत्तर - छोटी बच्ची की माँ मर चुकी थी। सौतेली माँ उसे मारती रहती थी। इधर बैलों की भी यही स्थिति थी। गया उन्हें दिनभर खेत में जोतता, मारता-पीटता और शाम को सूखा भूसा डाल देता। छोटी बच्ची महसूस कर रही थी कि उसकी स्थिति और बैलों की स्थिति एक जैसी है। उनके साथ अन्याय होता देखकर उसके मन में बैलों के प्रति प्रेम उमड़ आया।

प्रश्न 3. हीरा-मोती को वाणी की कमी क्यों अखर रही थी?

उत्तर - हीरा-मोती गया के साथ अनिच्छा से जा रहे थे। वे सोच रहे थे कि गया के हाथों उन्हें बेच दिया गया है। वे अपने मालिक झूरी से अपने बेचे जाने का कारण जानना चाहते थे। हीरा-मोती बैल मूक भाषा में बातें कर सकते थे पर झूरी उन्हें कैसे समझता। अपनी बात कहने के लिए हीरा-मोती को वाणी की कमी अखर रही थी।

प्रश्न 4. हीरा और मोती ने गया के घर स्वयं को अपमानित क्यों महसूस किया?

उत्तर - हीरा और मोती ने गया के घर स्वयं को इसलिए अपमानित महसूस किया कि गया ने अपने बैलों के चारे में चूनी-चोकर, खली आदि मिलाया परंतु हीरा-मोती के सामने सूखा भूसा डाल दिया। इन बैलों के साथ झूरी ने ऐसा कभी नहीं किया था।

प्रश्न 5. दूसरी बार घर आए हीरा-मोती को देखकर मालकिन की प्रतिक्रिया पहली बार से किस तरह भिन्न थी?

उत्तर - हीरा-मोती जब पहली बार गया के घर से लौटकर आए थे तो मालकिन ने उन्हें

नमकहराम कहा और उनकी खली-चूनी, भूसी आदि बंद करवा दिया, पर दूसरी बार हीरा-मोती के घर आने पर मालकिन हर्षित हुई और बैलों के माथे चूम लिए थे।

प्रश्न 6. "गिरे हुए बैरी पर सींग नहीं चलाना चाहिए" हीरा ने ऐसा क्यों कहा और इससे हीरा के स्वभाव की किस विशेषता का पता चलता है?
उत्तर - हीरा ने कहा कि गिरे हुए बैरी पर सींग नहीं चलाना चाहिए, क्योंकि उसका मानना था कि हारे हुए शत्रु पर फिर से वार करना अन्याय और क्रूरता है। इससे उसकी दया, न्यायप्रियता, उदारता और क्षमाशील स्वभाव का पता चलता है।

प्रश्न 7. "वह अपना धर्म छोड़ दे लेकिन हम अपना धर्म क्यों छोड़ें" हीरा ने कब तथा क्यों कहा?
उत्तर - हीरा ने यह बात तब कही जब मोती गया को मारना चाहता था। हीरा का मानना था कि यदि दूसरा अपना धर्म छोड़ दे, तब भी हमें अपना धर्म और कर्तव्य नहीं छोड़ना चाहिए। इससे उसकी नैतिकता और धर्मनिष्ठा प्रकट होती है।

प्रश्न 8. 'दो बैलों की कथा' में बैलों का काँजीहाउस में बंद होना न्याय भी है और अन्याय भी। इस पर अपने विचार लिखिए।
उत्तर - बैलों का काँजीहाउस में बंद होना न्याय भी था और अन्याय भी। न्याय इसलिए कि उन्होंने नियम तोड़े थे, इसलिए दंड मिला। अन्याय इसलिए कि असल में उनकी ग़लती नहीं थी। परिस्थितियों के कारण उन्हें निर्दोष होकर भी सज़ा मिली।

प्रश्न 9. "हम और तुम हमेशा साथ रहे और अब तुम विपत्ति में पड़े तो मैं तुमसे अलग हो जाऊँ?" किसने तथा कब कहा ?
उत्तर - यह बात मोती ने तब कही जब हीरा रस्सी तोड़कर भाग नहीं सकता था। मोती उसे अकेला छोड़ना नहीं चाहता था। वह सच्ची मित्रता निभाना जानता था। इससे उसकी निष्ठा, त्याग और मित्रता की भावना प्रकट होती है।

प्रश्न 10. हीरा और मोती की विशेषताएँ कुछ-कुछ समान और कुछ-कुछ अलग हैं, किंतु उनकी भिन्न विशेषताएँ एक-दूसरे को पूरा करती हैं। कैसे?
उत्तर - हीरा शांत, समझदार और सहनशील था, जबकि मोती बहादुर, तेज और विद्रोही स्वभाव का था। हीरा अपनी बुद्धिमानी से मोती को ग़लत क़दम उठाने से रोकता था, और मोती संकट में साहस दिखाकर दोनों की रक्षा करता था।